केन्द्रीय विद्यालय संगठन/Kendriya Vidyalaya Sangathan
अधीनस्थ मानव ससांधन विकास मत्रांलय, भारत सरकार/Under Ministry of HRD, Govt of India
क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू/Regional Office (Jammu),
राजकीय चिकित्सालय मार्ग,/Govt Hospital Road,
गाँधी नगर, जम्मू–180004/ Gandhinagar, JAMMU-180004
दूरभाष/ Ph. No:2453528, फैक्स/Fax : 2430081
Website : www.kvsrojammu.org, e.mail.:kvsrojammu@yahoo.in

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

फा सं. 24095-3/2016/केविस/जस/ 8623

दिनांक: 20.03.2020
ई-मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण

प्राचार्य,
समस्त केन्द्रीय विद्यालय,
जम्मू संभाग |

विषय : कक्षा IX से XI की सत्रांत परीक्षा 2019-20 के स्थगित होने एवं कक्षा I से IX एवं XI के परीक्षा फल प्रकाशित करने के संबंध में |

महोदय,

उपर्युक्त विषय के अंतर्गत आपको सूचित किया जाता है कि :-

1. कोरोना वायरस के संक्रमण के मद्देनज़र जम्मू संभाग के सभी केंद्रीय विद्यालयों में दिनांक में 19-03-2020 से 31-03-2020 तक जम्मू संभाग के सभी केंद्रीय विद्यालय छात्रों शैक्षणिक एवं गैर- शैक्षणिक कर्मचारियों, उप-प्राचार्यों एवं प्राचार्यों के लिए बंद रहेगा |
2. जम्मू संभाग के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षा-IX एवं XI की सत्रांत परीक्षा 2019-20 अगले आदेश तक स्थगित की जाती है | अत: आपसे अनुरोध है कि कक्षा-IX एवं XI सत्रांत परीक्षा 2019-20 स्थगित होने संबंधित जानकारी अपने विद्यालय के सभी छात्रों एवं उनके अभिभावकों को अविलम्ब अवगत कराए |
3. अब तक सम्पन्न विभिन्न विषयों के सत्रांत परीक्षा 2019-20 का मूल्यांकन एवं परीक्षाफल संबंधित कार्यशिक्षक द्वारा घर पर रहकर किया जाएगा |
4. परीक्षाफल प्रकाशित करने की तिथि के संबंध में सूचना के लिए अगले आदेश की प्रतीक्षा करें |
5. सभी प्राचार्यों, उप-प्राचार्य, शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी अपने फ़ोन पर उपलब्ध रहेंगे एवं आपस में और छात्रों के साथ इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जुड़े रहेंगे |
6. साथ ही यह सभी अपने घर पर ही रहेंगे और बिना अनुमति के स्टेशन नहीं छोड़ेंगे और आवश्यक होने पर किसी भी समय कार्यालयी सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगे |

कृपया इस पत्र को अविलम्ब सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु छात्रों व अभिभावकों, शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को प्रेषित करें |

भवदीय

(डॉ. डी. मन्जुनाथ)
उपायुक्त
20/3/2020

प्रतिलिपि :

1. अपर आयुक्त (शैक्षिक), केंद्रीय विद्यालय संगठन, मुख्यालय, नई दिल्ली को सादर सूचनार्थ प्रेषित |
2. संयुक्त आयुक्त (शैक्षिक), केंद्रीय विद्यालय संगठन, मुख्यालय, नई दिल्ली को सादर सूचनार्थ प्रेषित |